हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024


तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 0.4 डिग्री


11 धुंधः महम एसएचओ की गाड़ी भराण के तालाब में उतरी





12 खो- खो प्रतियोगिता में सैनी कॉलेज ने बाजी मारी




## शहर में आज

- एमकेजेके कॉलेज में हैंडबॉल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से
- आईसी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में वर्कशॉप सुबह 10 बजे से
- सेक्टर-1 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में श्रीमद भागवत दोपहर 2 से 5 बजे तक
- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- जाट कॉलेज में इंटर कॉलेज पुरुष व महिला वर्ग की हैंडबॉल चैंपियनशिप
- तहसील कार्यालय पर पटवारियों का धरना सुबह 10 बजे से
- नए बस अड्डे के पास स्टेडियम वाले रोड पर रक्तदान शिविर

**स्वामित्व योजना:** दुकानदारों ने योजना में फेरबदल करने के लिए सीएम को लिखा पत्र, नगर निगम ने नहीं की दुकानों की रजिस्ट्री

# आवेदन कर थक चुके दुकानदार, अदर लैंड की 195 दुकानों का मामला अटका, अब मुख्यमंत्री से आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में स्थित अदर लैंड के 195 दुकानदार दो साल के प्रयास के बावजूद स्वामित्व योजना का लाभ मिलने से वंचित रह गए। नगर निगम के कार्यालय के चक्कर पर चक्कर लगाने के बाद भी इन दुकानों की रजिस्ट्री नहीं हो रही, जिससे दुकानदारों में रोष बढ़ता जा रहा है। पॉलिका बाजार के प्रधान गुलशन निझावन ने इन दुकानों को स्वामित्व योजना में शामिल करने के लिए योजना में फेरबदल की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने कहा कि गलती नगर निगम की है। इसलिए दुकानों की रजिस्ट्री करवाई जानी चाहिए। इसकी वजह से कच्चा बेरी रोड, सुभाष रोड, शिवाजी कॉलोनी के दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं।

> ■ पालिका बाजार प्रधान गुलशन निझावन ने सीएम को पत्र लिखा

### योजना का लाभ नहीं मिला



अदर लैंड के दुकानदारों को योजना का लाभ नहीं मिला रहा। जबकि उनका कोई कसूर नहीं है। दुकानें नगर निगम ने बनवाई हुई हैं। अब इन दुकानों के कुछ हिस्से को दूसरे विभागों की जमीन पर बना हुआ बताकर रजिस्ट्री रोकी जा रही हैं। उन्होंने योजना में फेरदबल कर दुकानदारों की रजिस्ट्री करवाने के लिए पत्र लिखा है।
-**गुलशन निझावन**, प्रधान पॉलिका बाजार

पत्र में उन्होंने कहा कि है कि नगर निगम, नगर पालिका व नगर परिषद के अंतर्गत जो दुकानें 20 वर्ष की अवधि पूरी करती हैं। उनकी रजिस्ट्री के आदेश हैं। रोहतक में अदर लैंड की करीब 195 दुकानें हैं। जिसमे 12 दुकानें गांधी कैंप में हैं। जिनको ठीक माना गया है। इसके अलावा 183 दुकानों के आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है। सुभाष रोड व सिविल रोड पर जो दुकानें हैं, उनके दुकानदारों को काठमंडी में ओवर ब्रिज बनने पर शिफ्ट किया गया था। कच्चा बेरी रोड और शिवाजी कॉलोनी की दुकानों के आवेदन भी रद्द किए गए हैं। उन्होंने मांग की है कि योजना में फेरबदल कर दुकानदारों को लाभ दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत 20 साल व इससे अधिक वर्षों तक काबिज दुकानदारों को मालिकाना हक देने के लिए योजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में स्वामित्व योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत दुकानों में किराए पर बैठे दुकानदारों के नाम रजिस्ट्री की जाएंगी। दुकानदारों को जरूरी दस्तावेजों के साथ पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पूरे प्रदेश में इस योजना के तहत निगम दुकानें नाम करवा रहे हैं।

### शहर में यहां-यहां दुकानें

| जगह | दुकानों की संख्या |
| --- | --- |
| कच्चा बेरी रोड | 51 |
| सिविल रोड | 05 |
| सिविल अस्पताल रोड | 32 |
| शिवाजी कॉलोनी | 40 |
| गांधी कैंप | 12 |
| सुभाष रोड | 15 |
| सुभाष रोड-2 | 40 |
| कुल | 195 |

### कच्चा बेरी रोड की 51 रजिस्ट्री अटकी

कच्चा बेरी रोड पर 51 दुकानें हैं। जिन्हें पीडब्ल्यूडी विभाग में जमीन पर बना हुआ बताया जा रहा है। बाजार के दुकानदार कई बार सरकार से मांग कर चुके हैं कि उनकी समस्या का समाधान किया जाए। उनका आरोप है कि अधिकारियों द्वारा लगाई गई इन अड़चनों की वजह से कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। निगम की तरफ से दुकानों का किराया भी डबल किया जा चुका है।

### शिवाजी कॉलोनी में 40 दुकानें प्रभावित

शिवाजी कॉलोनी के 40 दुकानदारों के नाम पर उनकी दुकानों की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही। योजना के तहत पोर्टल पर किए गए आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। कारण बताया जा रहा है कि दुकानें पीडब्ल्यूडी के रोड पर बनी हुई हैं। करीब 60 फीट का रोड है, जिसके 15 फीट पर दुकानें बनी हुई हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी इसकी एनओसी नहीं दी। दुकानदार दो साल में कई बार अप्लाई कर चुके हैं।

### दशकों से किराया ले रहा निगम, अब बोला- भूमि दूसरे विभागों की

दुकानदारों का कहना है कि अलग-अलग बाजारों में स्थित यह दुकानें 20 से 30 साल पहले नगर निगम द्वारा बनवाई गई थी। जिसका किराया दुकानदार नगर निगम को देते आ रहे हैं। आज तक दूसरा विभाग किराया लेने नहीं पहुंचा। लेकिन अब रजिस्ट्री करवाने की बात आई तो अधिकारी उन्हें दूसरे विभागों की जमीन पर बना हुआ बता रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 25 युवाओं ने किया रक्तदान

रोहतक। पॉवर हाउस चौक पर तिकोना पार्क के पास राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर के संयोजक अजय हुड्डा ने बताया कि यह शिविर समाज सुधारक व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर लगाया गया। शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ छात्र मुस्कान ने रक्तदान करके किया।

## 24 को रोडवेज का चक्काजाम, मांगें पूरी न होने से कर्मचारी नाराज

**रोहतक।** मांगो पूरा न होने से नाराज रोडवेज कर्मचारियों ने 24 जनवरी को चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। ये निर्णय हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की शुक्रवार को इंटक कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। मिटिंग में 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए पांच टीमों का गठन किया गया। बैठक में जयबीर घणघस, नरेंद्र दिनोद, वीरेंद्र सिंगरोहा, आजाद गिल, जयभगवान काद्यान, अमित महाराणा, विनोद शर्मा, संजीव कुमार, अशोक खोखर भाग लिया। सभी वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि सांझे मोर्चे की परिवहन मंत्री व उच्चाधिकायों के साथ चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। मिटिंग में कर्मचारियों की मांगों को सरकार शीघ्र लागू करने का अश्वासन दिया गया परंतु मानी गई मांगों के परिपत्र जारी नहीं किए गए। वरिष्ठ नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक हड़ताल को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।



### ये हैं मुख्य मांगें

- ■ हिट एंड रन व न्याय संहिता कानून को तुरंत वापिस लिया जाए
- ■ 265 मार्गो पर असीमित परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसें शामिल की जाएं
- ■ परिचालक, चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाएं देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए
- ■ 2016 में भर्ती हुए चालकों सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परों को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए
- ■ 2002 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए व अन्य मांगे शामिल है।

## कानूनगो-पटवारी एसो. का धरना 16 तक जारी रहेगा

**रोहतक।** दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन द्वारा तहसील कार्यालय में दिया जा रहा धरना 16 जनवरी तक जारी रहेगा। आंदोलन गत 3 जनवरी से शुरू हुआ था। शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अरविंद श्योराण ने अपनी टीम सहित धरना स्थल पर पहुंचे और समर्थन दिया। एसोसिएशन ने कहा कि अगर सरकार ने किसी भी आंदोलनकारी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज किया तो उसको फ्री में कानूनी मदद दी जाएगी। वकीलों के अलावा आशा भारती पार्टी ने आंदोलन का समर्थन किया। पार्टी प्रमुख विशेष बामल ने कहा कि वे आंदोलनकारी कर्मचारियों को हर तरह से मदद करेंगे। क्योंकि ये अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। धरना स्थल पर हुई सभा में पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान रवि सैनी ने कहा कि अबकि बार हम घर तभी लौटेंगे, जब सरकार हमारी मांगों को पूरा करने के आदेश जारी करेगी। इस मौके पर एसोसिएशन सदस्य मौजूद रहे।









दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।


सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।

# सीसीसी क्या है, इस कोर्स को करने के क्या हैं फायदे




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नज़र आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

### जॉब के साथ-साथ यह वास्तव में एक सराहनीय काम

# बच्चों और गरीब वर्ग की सहायता करना चाहते हैं तो आंगवाड़ी टीचिंग में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### महिलाओं के लिए समाज सेवा करने का माध्यम

आ आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए होती हैं तो बिल्कुल भी चिंतित ना हो। आज हमारे इस लेख के माध्यम से हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी प्रदान करेंगे। हम यहां पर आपको बताएंगे कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या-क्या योग्यता होनी चाहिए तथा आप किस प्रकार एक आंगनवाड़ी टीचर बन सकते हैं।





## आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।

**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।

**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।

**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।

**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।

**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

**नौकरी के लिए आवेदन:** यदि आपने योग्यता और प्रशिक्षण ले लिया है, तो अपने आस-पास के आंगनवाड़ी केंद्रों में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते है। आपको नौकरी के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू पास करना होगा इसके बाद ही आपको नौकरी मिलेगी।

**अनुभव ले :** आंगनवाड़ी शिक्षिका बनने के लिए आपके पास टीचिंग के फील्ड में अनुभव प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, आप अनुभवी टीचर के साथ सहयोग कर सकते हैं. आप विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं और विभिन्न शिक्षा संगठनों से जुड़कर काम कर सकते हैं।

## बच्चों और माताओं को लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।

**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।

**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएं बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।

**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएं माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।



## अलग अलग क्षेत्रों में होते हैं नियमों के अनुसार आंगनवाड़ी पद

अगर हम आंगनवाड़ी में होने वाले विभिन्न पदों की बात करें तो आंगनवाड़ी में कई प्रकार के पद होते है। इनकी संख्या अलग अलग राज्यों के अनुसार निर्धारित होती है। हम आपको यहां इस बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं। आशा करते हैं कि इसके बाद आपको कोई भी आशंका नहीं रहेंगी।

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों को संचालित करती है।

**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।

**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।

**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## मिलने वाली सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।

**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएं होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।

**मातृ देखभाल सेवाएं :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएं भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।

**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

*सैलरी : आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।*

# विद्यार्थियों को सर्दियों में ज्यादा गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए होता है, आप विभिन्न विधाओं में कितना परफेक्शन प्राप्त करते हो, ये आपकी लगन पर निर्भर करता है। मानव जीवन में विद्यार्थी बनने की अवधि छह वर्ष से शुरू होती हैं, कुछ पेरेंट्स अपने बच्चो को तीन वर्ष की उम्र में भी स्कूल में डालने का प्रयास करते हैं ये गलत है। बच्चो को उनके बचपन से वंचित नहीं करना चाहिए जिससे की बच्चो का विकास सही ढंग से हो सकें। हमने जो विषय विमर्श के लिए रखा हैं, वो ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने के संबंध में हैं। इस विषय को मैंने इस लिए लिया है क्योंकि अक्सर हम देखते है कि घरों में बाथ रूम में शावर लगे हुए हैं और आजकल बच्चे तथा युवा सर्दियों में शावर के नीचे बैठ कर गर्म पानी का आनंद लेते हैं।

## त्वचा ही नही, हार्ट पर भी पड़ता हैं विपरित असर

युवा साथियों , यहां आपके लिए ये जानना अपरिहार्य है कि ज्यादा गर्म पानी शरीर के विभिन्न अंगों पर विपरित प्रभाव डालता है जिसे हम शीघ्र तो महसूस नहीं कर सकते , परंतु कुछ अवधि के बाद इसका असर दिखने लगता हैं। आओ ज्यादा गर्म पानी के नुकसान के बारे में जानते है, लेकिन नुकसान जानने से पहले आप को मैं ये बताना चाहता हूं कि ज्यादा गर्म पानी कौन सा होता हैं, युवाओं आपकी बॉडी का टेंप्रेचर अथवा तापमान 98.4 डिग्री फार्नहाइट होता है या यूं कह सकते है कि 37 डिग्री सेल्सियस होता हैं, आपके स्नान करने के लिए सर्दियों में पानी का उपयुक्त तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम या ज्यादा चल सकता हैं, अगर से ज्यादा तापमान है तो वो ज्यादा ही हैं इससे निश्चित रूप में नुकसान होगा। अब ज्यादा गर्म पानी से स्नान के कुछ नुकसान के बारे में जानते है।

1. **ज्यादा गर्म** पानी से नहाने से हमारे सिर के बालों को नुकसान होता हैं, वो कमजोर पड़ने लगते और झड़ने लगते हैं।
2. **आंखों को भी** ज्यादा गर्म से नहाते व्यक्त नुकसान होता हैं क्योंकि जब हम नहाते है तो आंखो में भी गर्म पानी मारते है जिससे आंखो को नुकसान पहुंचता है, रौशनी कम होती हैं।
3. **त्वचा को भी हानि** होती हैं, इससे ज्यादा गर्म पानी शरीर पर रैशेज पैदा कर देता हैं।
4. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और उसके कारण शरीर के तापमान को मेंटेन करने के लिए हार्ट को बहुत मेहनत करनी पड़ती है इससे अनावश्यक रूप में हार्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं।
5. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान से डिहाइड्रेशन का भी खतरा पैदा होता हैं, शरीर में पानी की कमी होने का डर रहता हैं।
6. **ज्यादा गर्म पानी** से नहाने से रक्तचाप भी ज्यादा होने का खतरा रहता हैं, इसलिए ये तय करना चाहिए कि पानी को बॉडी टेंप्रेचर से पांच डिग्री तक ज्यादा रख सकते हैं इससे ज्यादा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नही होता।

## पीने में निवाया पानी पीना चाहिए

ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने से आपका इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है, और युवाओं में अथवा विद्यार्थियों में जो सर्दी गर्मी सहन करने की शक्ति होनी चाहिए , उसे खो देते हैं। इसलिए आम तौर पर कहा जाता हैं कि पीने के लिए निवाया पानी उपयोग करना चाहिए और स्नान के लिए ठंडा पानी का प्रयोग करना चाहिए , इससे स्वास्थ्य ठीक रहता हैं। प्रिय विद्यार्थियों, आपका ये विद्यार्थी जीवन केवल किताबे पढ़ने के लिए ही नही हैं, ये तो सभी प्रकार से आपको परफेक्ट बनना हैं, आपको विद्यार्थी जीवन में ही स्वास्थ्य के राज जानने है, व्यायाम को जानना है, पौष्टिक भोजन के विषय में जानना हैं, आपको जीवन शैली को बेहतरीन करना है, आपको प्रातः जल्दी उठना सीखना है, आपको व्यायाम, दौड़ लगाना सीखना है, विद्यार्थियों आपको ट्रैफिक के नियम सीखने है, आपको सामान्य सदाचार सीखना है, सामान्य एटिकेट सीखने हैं, आपको विनम्रता जाननी हैं, आपको व्यवहार के त्रिगुण जानने हैं, आपको समय का पालन सीखना हैं, आपको प्रत्येक रिश्ते को जानना तथा निभाना सीखना है, बड़े बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार हो, वो भी विद्यार्थी जीवन में ही सीखना हैं, आपको संवेदनशीलता सीखनी हैं, जीवन में त्याग, तप सीखना हैं। इसलिए जीवन में स्वास्थ्य संबंधी छोटी छोटी बातों पर ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि आप सशक्त बन सको।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक ।
(बी) राजराजा ।
(सी) राजेन्द्र ।
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज ।
(बी) राजेन्द्र ।
(सी) कुलोत्तुंग चोल ।

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता कल से फरीदाबाद में

**रोहतक।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं वाको इंडिया किक बॉक्सिंग महासंघ के तत्वावधान में फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ' 13 से 14जनवरी तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एनआईटी फरीदाबाद में 18 वीं खेलो इंडिया महिला किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन होगा। फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ' के सस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने ये जानकारी दी।

### पीजीआई चिकित्सकों ने एमडीयू छात्रों के दांत जांचे

**रोहतक।** मदवि के सेंटर फॉर बॉयोटैक्नोलोजी में शुक्रवार को यूनिवर्सिटी रेड क्रॉस के द्वारा दंत जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दंत जांच शिविर में सेंटर फॉर बायोइंफोर्मेटिक्स, सेंटर फॉर मेडिकल बायोटैक्नोलोजी, माइक्रोबायोलोजी, बायोटैक्नोलोजी, फिजिकल एजुकेशन तथा योगिक साइंस के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के दांतों की जांच पड़ताल की गई।

### वैश्य गौशाला में की गुड़ दलिये व हरे चारे की सेवा

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा वैश्य व्यायाम शाला स्थित गोशाला में हरे चारे व गुड़, दलिये की सेवा भेंट की गई। यह सेवा परिषद परिवार के सदस्य मित जैन जोजी के सौजन्य से अपने पिता जयभगवान जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर की गई। अमित जैन ने बताया कि परिवार द्वारा पिता की आत्मिक शांति के लिए शहर में कई कार्यक्रम रखे गए हैं।

### छोटूराम जन्मोत्सव समारोह 12 फरवरी को

**रोहतक।** दीनबंधु चौधरी छोटूराम का दो दिवसीय 143वां जन्मोत्सव समारोह जाट शिक्षण संस्थाओं द्वारा 12 व 13 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित सभी शिक्षण संस्थाओं के मुखियाओं, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया।

### पीएचडी के लिए अब 19 तक करें आवेदन

**रोहतक।** मदवि में सत्र 2023-2024 में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने दी।

## एनएचएम कर्मचारियों ने ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

# कागजों में ही बढ़ाया डीए, अब तक नहीं मिला लाभ, नियमित होने के लिए तरस रहे कर्मचारी

**एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि बार-बार मांगों पर चर्चा होन के बाद भी उनकी मांगों को नहीं माना जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एनएचएम कर्मचारी संघ ने सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला को ज्ञापन सौंपा। एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि बार-बार मांगों पर चर्चा होन के बाद भी उनकी मांगों को नहीं माना जा रहा। इससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।

कर्मचारियों ने मांग की है कि एनएचएम कर्मचारियों की 25 वर्षों से दी रही सेवाओं को ध्यान में रखते हुए व 2013-14 की पीआईपी में दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए उनके लिए एक पॉलिसी बनाकर उन्हें नियमित किया जाए व जब तक नियमितीकरण की पालिसी बने तब तक उन्हें सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, एक्सप्रेसिया और अपील और सजा हरियाणा सिविल सर्विस रूल अनुसार प्रदान की जाए। 212 प्रतिशत से 221 प्रतिशत और 221 प्रतिशत से 230 प्रतिशत डीए वृद्धि का पत्र जारी करने के बाद भी अभी तक एनएचएम को बढ़ हुए डीए का लाभ नहीं दिया गया है। एनएचएम को बढ़ हुए डीए का लाभ तुरंत दिया जाए। इसके अलावा भी कई मांगें हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन तेज करेंगे।




रोहतक। अपनी मांगों के लिए सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी संघ के सदस्य।

### ये भी हैं मांगें

- एनएचएम के सेवा नियम हरियाणा सरकार की पहल और एनएचएम गवर्निंग बॉडी की अनुमोदना के बाद वित्त विभाग से अनुमति लेते हुए कर्मचारियों पर लागू किए गए हैं। 2 नवंबर 2021 को मुख्यमंत्री द्वारा भी एनएचएम के लिए 7वें वेतन आयोग का लाभ देने की मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन अभी तब 7वें वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया गया। एनएचएम को यह लाभ दिया जाए।
- एनएचएम कर्मचारियों द्वारा एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के नेतृत्व में 2017 से 2022 तक की हड़तालों को ड्यूटी पीरियड मानते हुए उनका वेतन जारी करने का निर्देश दिए जाएं।
- सेवा नियमों में रह गई त्रुटियों व वेतन विसंगतियों को ठीक करने के लिए संघ के साथ वार्ता करके उन्हें दूर किया जाए।
- एनएचएम में कार्यरत जिन-जिन कर्मचारियों पर ड्रेस कोड लागू किया गया है उन्हें वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता दिया जाए व एनएचएम कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर समयाविधि में बढ़ी हुई सीएल, ईएल व सीसीएल दी जाए।

## पीएचडी दाखिला प्रक्रिया में संशोधन के लिए कुलपति से मिले छात्र



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्रों ने शुक्रवार को वीसी प्रो. राजबीर सिंह मिलकर पीएचडी दाखिलों में संशोधन करने की मांग की। छात्र नेता दीपक धनखड़ ने कुलपति को बताया कि दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता था, इस बार प्रवेश परीक्षा बंद करके जिन विद्यार्थियों का जेआरएफ है वही दाखिला ले पाएंगे। उसमें भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक सीट पर केवल तीन विद्यार्थियों को ही इंटरव्यू के लिए मान्य किया है। धनखड़ का कहना है कि जिस भी विद्यार्थियों का जेआरएफ है उन सभी को पीएचडी इंटरव्यू में शामिल किया जाए, ताकि अपनी शिक्षा के आधार पर पढ़ने वाले शोधार्थियों का दाखिला हो सके। धनखड़ ने कहा कि बहुत से निजी शिक्षण संस्थान ऐसे हैं जहां विद्यार्थियों को अधिक अंक दिए जाते हैं। जिससे केवल वही विद्यार्थी इंटरव्यू में भाग ले पाएंगे, लेकिन सही तौर पर दाखिला प्रक्रिया तभी मानी जाएगी जब जेआरएफ प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को इंटरव्यू में शामिल किया जाए। अब अगर किसी विभाग में 5 सीटों पर दाखिला होना हैं और उस विभाग में जेआरएफ प्राप्त 30 विद्यार्थियों ने फॉर्म भर रखा है तो केवल इंटरव्यू के लिए 15 ही विद्यार्थी बुलाए जाएंगे , 15 विद्यार्थी उसमें भाग नहीं ले पाएंगे जो कि विद्यार्थियों का साथ शोषण है। छात्रों के मुताबिक वीसी ने छात्रों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में नितिन डांगी, अंकित, निधि, इशू, मोहित, निलेश, अमन, अंकित अहलावत, सचिन, मनदीप, रवि, रोहित, सोनू, अंजलि, माही, योगेश, प्रियांशु, कमल, प्रमोद, जितेंद्र और ज्योति शामिल रहे।

मार्केट न्यूज

## एमजी शोरूम में की नई गाड़ी एस्टर लांच



**रोहतक।** हिसार रोड स्थित एमजी शोरूम में नई गाड़ी एस्टर लांच की गई। इसका उद्घाटन एसबीआई बैंक मैनेजर नरेश मनचंदा, एमजी शोरूम जरनल मैनेजर संजीत और एमजी स्टाफ के द्वारा किया। एमजी शोरूम जरनल मैनेजर संजीत ने बताया कि गयाएस्टर और भी आकर्षक फिचर के साथ आई है। उन्होंने बताया कि इस गाड़ी में वांटिलेटिड सीट, वायरलेस चार्जर ऑटोडमिंग आईआरवीएम जैसे फिचर दिए गए है, जो कि इस सैगमेंट की किसी गाड़ी में नहीं मिलते। इस उपलक्ष में एमजी के कस्टमर मौजूद थे और सभी इस नई गाड़ी की तारीफ कर रहे थे। बता दे कि नई एमजी एस्टर की शुरुवाती कीमत जोकि पहले 1081800 रुपए थी, अब वह घटा कर 998000 कर दी गई है। एमजी मोटर्स 100 साल पुरानी एक ब्रिटेस कंपनी है जोकि अपनी सेफ्टी के लिए जानी जाती है और इंडिया में भी 2019 से अपनी सेवाएं लोहचाब ग्रुप के साथ मिल कर दे रही है। एमजी की सब से पहली इंटर नेट गाड़ी इंडिया में हेक्टर (1499800) लांच की थी। इसके साथ-साथ एमजी ग्लोस्टर (3879800) और इलेक्ट्रिक गाड़ी में कोमेट (798000) और जैडएसईवी (2338000) हैं इलेक्ट्रिक गाड़ी पर हरियाणा सरकार की तरफ से आरटीओ पर 75 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



## भर्ती आर्ट एजुकेशन असिस्टेंट को किया प्रशिक्षित

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरीष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में चल रहे आठ दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। यह शिविर शिक्षा निदेशालय हरियाणा एवं एससीईआरटी गुरुग्राम के दिशा निर्देश की अनुपालना में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना के प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के नेतृत्व में जिले के सभी आर्ट एजुकेशन असिस्टेंट को प्रशिक्षित करने के लिए लगाया गया। शुक्रवार को पिछले आठ दिनों के दौरान हुए कार्य की प्रदर्शनी लगाई गई। प्राचार्य डाइट मदीना वीरेंद्र मलिक ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाई गई सभी कलाकृतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनीता अहलावत ने बताया कि ट्रेनिंग कैंप के दौरान विभिन्न आर्ट गतिविधियां जैसे पेपर मेसी आर्ट, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, डिजाइन, रेजिन आर्ट, गुड़िया बनाना तथा हरियाणा की लोककला की प्रतीक फुलझड़ी आदि बनाना सिखाया गया। वहीं छठी से आठवीं कक्षा की कलासेतु पुस्तकों की विषय सामग्री के बारे में रिटायर्ड कला अध्यापक धर्म सिंह अहलावत ने प्रतिभागियों से से चर्चा की। कला अध्यापक सुंदर व जीतेंद्र ने रेजिन आर्ट के बारे में बताया।

## वालंटियर्स समाज में नशा मुक्ति की अलख जगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

युवाओं को नशे से दूर करने के लिए समाज को जागरूक करना जरूरी है। एनएसएस, वाईआरसी और यूनिवर्सिटी आउटरीच वालंटियर्स जागरूकता के सजग प्रहरी बनकर समाज में नशा मुक्ति की अलख जगाएं। यह कहा है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा का। प्रो. राणा स्वराज सदन में एनएसएस, वाईआरसी तथा यूनिवर्सिटी आउटरीच द्वारा संचालित दो दिवसीय- हरियाणा की समृद्धि का आधारः नशा मुक्त युवा कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्यातिथि छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित वालंटियर्स से समाज से नशे को उखाड़ फेंकने और देश निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि युवाओं में नशे का क्रेज बढन्ना भयावह स्थिति की तरफ सकेंत करता है। नशा करने से परिवार में आर्थिक नुकसान के साथ युवाओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा और इस दिशा में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।



### नशे की रोकथाम के लिए किए कार्यों का दिया ब्यूरा

एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. तिलक राज ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस दो दिवसीय कार्यक्रम में नशे की रोकथाम के लिए आयोजित की गई गतिविधियों का ब्यौरा दिया। निदेशक यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. राधेश्याम ने भी नशा मुक्ति को गंभीर समस्या बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत पर बल दिया। वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अंजु धीमान ने आभार प्रदर्शन किया। मंच संचालन डॉ. मीनू भान ने किया। इस अवसर पर डॉ. आरती चहल, एमसी धीमान, एनएसएस कार्यालय कर्मी संदीप कुमार, मोहित अहलावत समेत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, वाईआरसी काउंसलर्स, यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रभारी एवं स्टूडेंट वालंटियर्स उपस्थित रहे।

## यूटीडी-एमडीयू को हराकर जाट कॉलेज ने जीती क्रिकेट ट्राफी

**रोहतक।** मदवि में खेली जा रही इंटर कॉलेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। इसमें जाट कॉलेज रोहतक ने यूटीडी एमडीयू रोहतक को हराकर बने चैंपियन। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ जीसी सांपला के प्रिंसिपल डॉ. परम भूषण आर्य ने किया। मुकाबले में यूटीडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 147 रन बनाए। इसके जवाब में जाट कॉलेज रोहतक की टीम ने 18.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 148 रन बनाकर जीत हासिल की। जाट कोलेज रोहतक के यशवर्धन ने 56 गेंदों में 57 रन नाबाद बनाए और सुभम लांबा ने 43 गेंदों में 44 रन बनाए। सुमित ने 4ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए।

## राजकुमार शर्मा से मिले बिप्लव देव



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव कुमार ने शुक्रवार को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। राजकुमार शर्मा से लोकसभा चुनाव को लेकर रोहतक लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सभी नौ विधानसभाओं की चर्चा की। करीब 40 मिनट तक चली इस विशेष चर्चा के दौरान सभी विधानसभाओं के जातीय समीकरणों के साथ-साथ वहां पर पिछले चुनाव के हालातो को लेकर भी बातचीत की गई। इस दौरान राजकुमार शर्मा ने बताया कि वह स्वयं दो लोकसभा चुनाव भी रोहतक से लड़ चुके हैं।



## अमित सिंधु बने जेजेपी युवा प्रकोष्ठ के हल्का अध्यक्ष

**रोहतक।** जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान के विचार-विमर्श के बाद अमित सिंधु को रोहतक शहर का हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान ने अमित सिंधु को नियुक्ति पत्र दिया और बधाई दी। यह जानकारी युवा प्रदेश महासचिव आशीष अहलावत ने दी।

## धुंधः महम एसएचओ की गाड़ी भराण के तालाब में उतरी

- कड़ाके की ठंड में पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

रात का अंधेरा हो, घनी धुंध हो और ऊपर से कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, ऐसे में यदि रात को ड्यूटी के दौरान पुलिस की गाड़ी गहरे पानी में उतर जाए तो कितनी बड़ी आफत होगी, यह आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं। ऐसी ही एक घटना महम क्षेत्र के भराण में सामने आई है। रात को महम थाने के एसएचओ की गाड़ी भराण गांव के तालाब में गहरे पानी में उतर गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार तीनों पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। पुलिस वाहन को क्रेन के साथ तालाब से निकाला गया है।



महम। भराण के तालाब में उतरा महम थाना प्रभारी का वाहन।

### लोकेशन की ट्रैस

सूचना पाकर महम पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची और नसीब को लेकर खुशीराम की लोकेशन ट्रैस की गई। जिसकी लोकेशन रोहतक की मिली। नसीब को लेकर पुलिस रोहतक जा रही थी तभी खुशीराम का उसके भाई नसीब के पास फोन आया और उसने कहा कि उसका अपहरण नहीं हुआ है बल्कि वह दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ है। मदीना गांव से वापस आते समय भराण निवासी नसीब को घर छोड़कर महम आ रहे थे।

## मीडिया प्रौद्योगिकी रुझान की छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में नवीनतम मीडिया प्रौद्योगिकी के रुझान बारे विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अपडेट किया। इस कड़ी में चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविन्द्र कुमार तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने विशेष व्याख्यान दिए।चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के पत्रकारिता एंव जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करते हुए अपनी लेखन कला को धार देनी होगी। उन्होंने ने कहा कि मीडिया अध्ययन के समक्ष आ रही चुनौतियों को हम सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करें।



### जनसंचार के क्षेत्र में व्यक्ति का अच्छा संचारक होना जरूरी

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि न्यूज़रूम का इंटीग्रेशन होने और तकनीक के प्रसार के कारण अब विद्यार्थियों को मल्टीमीडिया स्किलज़ में पारंगत होना होगा। जनसंचार के क्षेत्र में व्यक्ति का अच्छा संचारक होना आवश्यक है। अच्छी किताबें पढ़ने और गुणवत्ता युक्त कंटेंट तैयार कर समाज को कुछ बेहतर प्रदान करने का मंत्र डॉ. अशोक ने विद्यार्थियों को दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय मीडिया और तकनीकी के विलयीकरण का है जिस में रचनात्मक लेखन के साथ साथ टेक्नोलॉजी की समझ अहम भूमिका अदा करेगी। न्यू मीडिया में आने वाले दिनों में व्यापक रूप से भारतीय भाषाओं का बोलबाला बढ़ेगा। प्रो. हरीश ने विद्यार्थियों को भाषा पर अपनी पकड़ मजबूत करने की सलाह दी और विद्यार्थियों से संवाद करने और महत्वपूर्ण टिप्स देने के लिए डॉ. रविन्द्र और डॉ. अशोक का धन्यवाद किया। संवाद कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवीन ने किया।

## लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत करें



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता शौर्य चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन धनिया और मेजर रेणु कुमारी रहे। लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन जम्मू एंड कश्मीर में विशेष बटालियन की पैराशूट रेजीमेंट में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि एनसीसी के माध्यम से किस तरह से सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती हो सकते हैं और विभिन्न प्रकार की पैरामिलिट्री फोर्स में किस प्रकार से अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखते हुए अगर हम अपने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मेहनत करते हैं तो अवश्य सफल हो जाते हैं। मेजर रेणु कुमारी ने कैडेट्स को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कैडेट्स को सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर राजेश गहलावत, भारती, आशीष, देव शर्मा, हिमानी, पवन, करण, साहिल आदि मौजूद रहे।

### पीजीआईएमएस में स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाई

**रोहतक।** राष्ट्रीय मेडिकोज संगठन ने पीजीआईएमएस में स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाई। इसमें पीजीआईएमएस और पीजीआईडीएस के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. एसएस लोहचब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पीजीआईएमएस में प्रसूति विभाग की प्रोफेसर डॉ. रीतू हुडा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में विस्तार से बात की और छात्रों को उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता, कविता पाठ, नाटक और स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर भाषण में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. विवेक मलिक, डॉ. राकेश रोहिल्ला, डॉ. सुनील रोहिल्ला, डॉ. अजय श्योराण, डॉ. विनोद, डॉ. प्रज्वल और सर्वेश उपस्थित रहे।

**NOTICE**

I, Amit Kumar S/o Ramphal R/o VPO Sundana, Tehsil Kalanaur & Distt Rohtak, Haryana, India-124412 declare that my son here to known as Aman S/o Amit Kumar R/o SUNDANA Tehsil Kalanaur Distt Rohtak Haryana-124412 has changed his name and shall hereafter be known as AMAN KUMAR.

## फरमाणा खास व फरमाणा बादशाहपुर में बनी 90 पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला के गांवों फरमाणा खास एवं फरमाणा बादशाहपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। दोनों गांवों में 1852 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ दिया जा रहा है। इन गांवों में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के कुल 5334 लाभार्थियों में से 180 लाभार्थियों ने 42.59 लाख रुपये की धन राशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है। इन गांवों में अब तक 90 पेंशन स्वतः बनी हैं। अजय कुमार ने बताया कि फरमाणा खास में 1332 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 59 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 3899 लाभार्थियों में से 140 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 33 लाख 28 हजार रूपये का लाभ प्राप्त किया है। फरमाणा बादशाहपुर गांव में 520 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।

### फरमाणा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी

**महम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को हलका महम के फरमाना गांव में पहुंची। इस यात्रा में भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देव भी शामिल हुए। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने फरमाना पहुंचे बिप्लव कुमार देव को हरियाणवीं संस्कृति का प्रतीक हुक्का भेंट करके स्वागत किया। फरमाना गांव के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सहारण ने बिप्लव कुमार देव का पगड़ी पहनाकर गांव की ओर से स्वागत किया। भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने बिप्लव कुमार देव द्वारा भाजपा संगठन के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। बिप्लव कुमार देव और राधा अहलावत ने भाजपा की नीतियों का प्रचार किया। रोहतक लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा समेत अन्य सभी नेताओं ने नरेंद्र भाई मोदी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि भले ही वे त्रिपुरा से है, परंतु उनकी आत्मा हरियाणा वासियों के साथ जुड़ी हुई है।

### रोहतक-महम-हांसी रेलवे लाइन शीघ्र होगी शुरू

लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा रोहतक को अयोध्या से रेल के माध्यम से जोड़ा गया है। रोहतक-महम-हांसी रेलवे लाइन को शीघ्र ही शुरू किया जायेगा तथा इस क्षेत्र के लोग भी रेल के माध्यम से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

चेहरे की सुंदरता बढ़ाएं
Levo Fairness Cream
चेहरे पर छाईयां, दाग-धब्बे (डार्क सर्कल) कम करने में लाभदायक
MRP. 120/-
मोटापा घटाएं, जोड़ों (घुटनों/डिस्क) दर्द, गंजापन (बालों का झड़ना/सफेद होना) ब्रेस्ट क्रीम (महिला), पुरूष रोग (जोश व टाईम) हर्बल कोर्स मंगवाएं
अभी ऑर्डर करें। घर बैठे मंगवाएं
8529169000
MHC Ayurveda: Rohtak Gate, Bhiwani
आवश्यकता: महिला (घर बैठे काम करें)



शादी से पहले शादी के बाद मिलें
M. 9468439815, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक



मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### एमडीयू के समाज शास्त्र विभाग में आज व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि का समाजशास्त्र विभाग 13 जनवरी को- द इंडियन विलेजः रूरल लाइव्स इन द ट्वेंटी सेंचुरी विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन करेगा । समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. देसराज ने बताया कि प्रतिष्ठित समाजशास्त्री जेएनयू, दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. सुरिन्द्र सिंह जोधका बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।



### गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव धूमधाम से निकाला

**रोहतक।** गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव पर शहर में धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान नगर कीर्तन किया गया। प्रकाश उत्सव शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए पंच प्यारों की अगवाई में डबल फाटक स्थित बाबा बालक पुरी धाम में पहुंचा, जहां महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी ने पंच प्यारों का स्वागत किया। इस मौके पर पुरी धाम की ओर से केसर वाले दूध का मीठा प्रसाद भी बाटा गया। वही नगर कीर्तन में गुरबाणी के गुणगान के साथ-साथ गतका पार्टी द्वारा विभिन्न कर्तब दिखाए गए।



### कॉलेज के पास से दो मनचले पकड़े

**रोहतक।** पुलिस द्वारा सेफ सिटी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के दिशा निर्देशो अनुसार प्रभारी थाना महिला निरीक्षक प्रोमिला के नेतृत्व में महिला थाना स्टाफ द्वारा मानसरोवर पार्क, राजकीय महिला कॉलेज, महारानी किशोरी कॉलेज, जाट कालेज, नेकीराम कॉलेज, एमडी यूनिवर्सिटी, हुड्डा सिटी पार्क, बस स्टैंड, आईएमटी, महाबीर पार्क व अन्य स्थानों पर सिविल कपडों में पैदल गस्त की जा रही है। कॉलेज, यूनिवर्सिटी, पार्कों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे मनतले युवकों को काबू कर उनके साथ सख्ती से पुछताछ की गई।

राम जन्मभूमि आंदोलन 1990 का दर्द

# जलियांवाला कांड जैसे हालात बनाकर कार सेवकों पर गोलियां चलाई, जेल में पिटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राम जन्म भूमि पर 1990 की कार सेवा के लिए रोहतक से भी संघ की योजना बनी। मॉडल टाउन के रहने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा के पूर्व प्रांत कार्यवाह सुभाष आहूजा भी स्वयंसेवक व समाज के अन्य साथियों को तैयार कर रहे थे और खुद भी जाने की योजना बना रहे थे। उस समय 35 साल की उम्र में कदम रख चुके थे।

पंजाब नेशनल बैंक में अधिकारी के पद पर सर्कल ऑफिस रोहतक में कार्यरत होने के बावजूद छुट्टी के लिए आवेदन पत्र दिया और उसमें लिखा कि मुझे अयोध्या में कार सेवा करने के लिए छुट्टी चाहिए। इस पर अधिकारी ने कहा कि मुझे अच्छा लगा कि तुमने सरकारी नौकरी होते हुए भी इस माहौल में अयोध्या जाने की हिम्मत की, लेकिन आपको चाहिए कि आवेदन पत्र में कोई पारिवारिक कारण लिख दो और कितने दिन की छुट्टी चाहिए यह मत लिखो। क्योंकि तुम्हें ज्यादा दिन भी लग सकते हैं। अयोध्या जाने के लिए कार सेवकों का चुनाव करते समय यह सुनिश्चित किया गया की 60 साल से अधिक की आयु के और अस्वस्थ व्यक्तियों को न चुना जाए। क्योंकि मार्ग में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन वीर भान तागरा जिनकी आयु 85 साल से अधिक थी और वे अस्वस्थ भी थे। जाने की जिद कर रहे थे। उनको मनाने की बहुत कोशिश हुई, लेकिन वे मानने के लिए राजी नहीं हुए तो उनको भी जत्थे में शामिल कर लिया गया।



#### उत्तर प्रदेश सरकार ने जेलर सस्पेंड किया

सुभाष आहूजा के अनुसार वहां के जेलर राम जन्मभूमि आंदोलन से चिड़े हुए थे। जेलर ने सभी राम सेवकों को परेशान करना शुरू कर दिया। एक दिन रात को लाइट पीछे से बंद कर दी गई। सभी कारसेवकों के बैरक के दरवाजे खोल दिए गए और हत्या के जुर्म में जेल में बंद शातिर अपराधियों ने कार सेवकों पर लाठी, डंडे व लोहे के सरियों के साथ अचानक हमला करवाया। इसमें कई कार सेवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। यह खबर अगले दिन देश के सभी अखबारों में प्रमुखता से छप गई। उत्तर प्रदेश सरकार खबर से बुरी तरह घबरा गई। सरकार ने तुरंत जेलर को सस्पेंड कर दिया।

#### भगवा लहराया, कई की जान गई

सुभाष आहूजा ने बताया कि दूसरी ओर जो रामभक्त नहीं पकड़े जा सके। उन कारसेवकों ने रास्तों से छिपते-छिपाते अयोध्या राम जन्मभूमि स्थान पर पहुंचकर वहां बाबरी ढांचे के गुम्बद पर चढ़कर भगवा ध्वज फहरा दिया। पहली बार यह सांकेतिक रूप से कार सेवा पूर्ण की गई। इसे मुलायम सरकार बर्दाश्त नहीं कर सकी, क्योंकि घोषणा कर रखी थी कि ढांचे के आस पास कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। अचानक बिना किसी चेतावनी के राम भक्तों पर गोलियां चला दी गई। यह दृश्य जलियांवाला बाग हत्याकांड के जैसा ही था। 30 अक्तूबर 1990 को आजाद देश में अपनी ही सरकार ने दूसरा जलियांवाला बाग कांड दोहराया। इसमें काफी कार सेवक और संतों की जान गई। इनमें कलकत्ता के एक ही परिवार के दो भाई शरद कोठारी और राम कोठारी की भी जान गई।

#### लखनऊ में गिरफ्तार किए रोहतक के कार सेवक

उस समय उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे और उन्होंने घोषणा कर दी कि अयोध्या में कार सेवा वाले दिन कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। उत्तर प्रदेश जाने वाले सभी सड़क मार्ग के रास्तो को सील कर दिया गया था और कई ट्रेन भी रद कर दी गई थी। रोहतक से चले जत्थे में तिलक राज, विजय परुथी, जगदीश दुआ, कमल टंडन, राम प्रकाश नारंग, वीर भान तागरा, सुदर्शन धींगड़ा, भगवान दास परुथी, नरसिंह दास चुघ, पवन सहगल, ईश बजाज व जगमोहन पाहवा आदि रहे। रोहतक के जत्थे को लखनऊ से पहले ही पुलिस ने ट्रेन से उतारकर गिरफ्तार कर लिया और बस में बैठाकर उन्नाव जेल में ले गए। वहां पहले से ही हजारों कार सेवको को बंदी बना रखा था, जबकि जेल में ज्यादा लोगों के ठहरने की व्यवस्था नहीं थी। चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल था।

# प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ा, 500 एकड़ में तैयार की जा रही हैं जहर मुक्त फसलें

## गांव भैणी सुरजन, निडाना, माड़ौधी, ककराना और सुंडाना में की जा रही खेती

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गांव भैणी सुरजन, निडाना, माड़ौधी, ककराना और सुंडाना में इस समय तकरीबन 500 एकड़ में प्राकृतिक खेती जा रही है। ये दावा किया कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने। हालांकि रकबा कोई ज्यादा नहीं है, फिर एक अच्छी शुरुआत इसे माना जा सकता है। प्राकृतिक और जैविक खेती को रसायन मुक्त खेती को कहा जाता है। जिसमें केवल प्राकृतिक/जैविक साधनों का उपयोग करता है। दोनों खेती गैर-रासायनिक प्रणालियां हैं। विविधता, ऑन-फ़ार्म बायोमास प्रबंधन और जैविक पोषक तत्व पुनर्चक्रण पर आधारित हैं। विविधता, रोटेशन मल्टीपल क्रॉपिंग प्रमुख है। कृषि-पारिस्थितिकी में अच्छी तरह से आधारित, यह एक विविध कृषि प्रणाली है जो फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है।

सकारात्मक सोच के बीच अब आप पेस्टीसाइट, खरपतवारनाशक और रसायनिक खाद प्रयोग के आंकड़ों पर भी नजर दौड़ा लें। डाटा काफी चिंतनीय है। किसानों ने वर्ष 2022-23 में जिले में तकरीबन 152500 मीट्रिक टन पेस्टीसाइड और 2,29,835 मीट्रिक रसायनों का खादों का प्रयोग करके फसलें तैयार की गई। रसायनिक खाद में 187582 मीट्रिक टन यूरिया और 42253 मीट्रिक टन डीएपी शामिल है। ये डाटा सिर्फ एक फसल खरीफ का है। रबी का भी सम्मलित करें तो ये लगभग दोगुना हो जाता है। रसायनिक खाद और पेस्टीसाइड फसल उत्पादों की गुणवत्ता पर भी असर डालते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है। किसान कोई शौक में इनका प्रयोग नहीं करते हैं। बल्कि अब इनका प्रयोग मजबूरी बन गया है। अगर इनका प्रयोग न करें तो उत्पादन एक तिहाई भी नहीं हो पाएगा। बेशक जैविक/प्राकृतिक खेती पर काम करने वाले संगठन/व्यक्ति कितने ही लंबे चौड़े दावे क्यों न कर लें। इनका कहना होता है कि उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ता है।

हरियाणा में तीन-चार दशक पहले तक एकाध किसान ही फसलों में कीटनाशक और खरपतवारनाशी का प्रयोग करता था। जिससे उत्पादन की गुणवत्ता को लेकर कोई किंतु-परंतु नहीं था। लेकिन जब कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किसानों को कीटनाशकों का प्रयोग करने के लिए कहा तो इनका इस्तेमाल होने लगा। अब अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। अब ये वैज्ञानिक ही किसानों को ज्ञान दे रहे हैं कि कीटनाशकों का प्रयोग न करें। किसानों का कहना है कि कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर ही फसलों में पेस्टीसाइड का उपयोग करना शुरू किया था।

उत्पादों की गुणवत्ता कम हुई तो अब सरकार रसायनों के इस्तेमाल को रोकने का प्रयास कर रही है। लेकिन अब किसान सरकार की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। साल दर साल कीटनाशक और खरपतवारनाशी की खपत बढ़ रही है। जिससे हमारी थाली में जहर की मात्रा भी बढ़ोतरी हो रही है। मालूम हो कि वर्ष 2013-14 में यहां के किसानों ने जहां 109600 मीट्रिक टन रसायनों का प्रयोग किया। वहीं साल 2022-23 में आंकड़ा 152500 मीट्रिक टन तक जा पहुंचा। यानि के एक दशक से भी कम समय में रसायनों की खपत 42 हजार 900 मीट्रिक टन बढ़ गई।



| वर्ष | खपत मीट्रिक टन में |
|---|---|
| 2013-14 | 109600 |
| 2014-15 | 112470 |
| 2015-16 | 115487 |
| 2016-17 | 121382 |
| 2017-18 | 124271 |
| 2018-19 | 131435 |
| 2019-20 | 138560 |
| 2020-21 | 141431 |
| 2021-22 | 146747 |
| 2022-23 | 152500 |

आंकड़ा स्त्रोतः कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक

#### किसानों की अच्छी पहल



प्राकृतिक खेती का रकबा भले ही कम हो। लेकिन थाली का जहर कम हो, इसके लिए किसानों ने एक अच्छी पहल की है। दूसरे किसानों ने भी भैणी सुरजन, निडाना, माड़ौधी, ककराना और सुंडाना का अनुसरण करना चाहिए।
**-राकेश कुमार**, गुण नियंत्रक निरीक्षककृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक

#### ऐसे असर डालते हैं रसायन

रसायन के छोटे और लंबे समय तक प्रभाव होते हैं। बड़े पैमाने पर कीटनाशकों के उपयोग के नुकसान बहुत ज्यादा है। इनमें घरेलू पशुओं की मौतें, कीटों के प्रति प्राकृतिक विरोधियों की हानि, कीटनाशक प्रतिरोध, मधुमक्खी और परागण में गिरावट, मत्स्य पालन और पक्षियों की हानि आदि शामिल हैं। जमीन में रिसने से भू-जल का बेहद जहरीला होना।

#### धान में सबसे ज्यादा इस्तेमाल

धान को तैयार करने में सबसे ज्यादा पेस्टीसाइड और खरपतवारनाशी का प्रयोग किया जा रहा है। जब फसल की रोपाई की जाती है तभी से ही रसायनों का प्रयोग शुरू हो जाता है। फसल कटने तक यह जारी रहता है। सबसे ज्यादा प्रयोग सितंबर-अक्तूबर में होता है। जब आप धान के खेतों से निकलेंगे तो कीटनाशकों की बू आती है।

**ये भी जानें :** एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय कृषि क्षेत्र में 1950 के दशक में कीटनाशकों का इस्तेमाल नगण्य था। जिसमें प्रथम पंचवर्षीय योजना के शुरुआत में इनका केवल 100 टन का उपयोग किया गया । जबकि 2010-11 में कीटनाशकों(प्रौद्योगिक स्तर की सामग्री ) की खपत 55.54 हजार टन रही । कीटनाशक फ्यूमिगेंट्स हो सकते हैं। जो श्वसन अंगों, ऑर्गनोक्लोरिन्स, पाइरेथ्रोइड्स, पेट के जहरों पर सीधा प्रभाव डालते हैं जो कीटों को मार सकते हैं। रासायनिक कीटनाशक एक साथ मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों पर दुष्प्रभाव डालते हैं।

### महंत ईश्वर शाह को श्रीराम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता



**रोहतक।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण विश्व हिंदू परिषद ने सत बाबा शाह के महंत बाबा ईश्वर शाह को दिया। उनके साथ इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महंत बाबा रामसुखदास, महंत बाबा हरपालदास, महंत बाबा खुशहादास भी जाएंगे।

### रविंद्र कुमार को प्रधान और शशि भूषण को उप प्रधान नियुक्त किया



**रोहतक।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ लाखन माजरा ब्लॉक कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। इस दौरान ब्लॉक प्रधान रविंद्र कुमार, उप प्रधान शशि भूषण, सचिव नरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, प्रचार सचिव दिनेश कुमार, संगठन सचिव रविंद्र पीटीआई को चुना गया। जिला प्रधान जगदीश चहल ने सभी को संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर जयपाल, डॉक्टर हरि निवास, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### राजकीय कन्या वमावि में जीवन कौशल शिविर का हुआ समापन



**रोहतक।** राजकीय कन्या वमावि में चल रहे जीवन कौशल शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि डॉ. फूल सिंह राठी एवं सुभाष रहे। अध्यापक विनोद कुमार ने छात्राओं को एनएसक्यूएफ के अंतर्गत पेशेंट केयर एंड हेल्थ केयर के बारे में बताया। डीपीई रानी देवी ने छात्राओं को योगासन कराया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी मधुबाला ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्श एवं विचार परिचय से छात्राओं को अवगत करवाया। फूल सिंह राठी ने काव्यपाठ से छात्राओं को जागृत किया। सुभाष ने छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के विभिन्न तरीके बताए।

# खो-खो में सैनी कॉलेज की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैंनी कॉलेज में हुई इंटर कॉलेज खो खो प्रतियोगिता में सैनी कॉलेज की टीम ने बाजी मारी। सैनी कॉलेज की टीम ने गर्वमेंट कॉलेज जसिया को हराकर ये उपलब्धि हासिल की। तीसरा स्थान गर्वमेंट कॉलेज दुजाना की टीम ने प्राप्त किया।

वहीं इस दौरान महर्षि दयानंद विवि पुरुष टीम का भी चयन किया गया। जिसमें 15 खिलाड़ियों को चयनित किया गया जो एमडीयू का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये खिलाड़ी लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में 15 से 18 जनवरी तक होने वाली नोर्थ जोन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स एमडीयू शकुंतला बेनीवाल व सैनी कॉलेज के प्राचार्य भीम सिंह पवार ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ. अजय जून, डॉ. संदीप, डॉ. कृष्ण सैनी, डॉ. नवीन सैनी, खो खो कोच शिव कुमार, गुलशन, वीर पाल हुड्डा, डॉ. राम कुमार सैनी, गौरव आदि मौजूद रहे।



### सांसद का कांग्रेस पर कटाक्ष, बोले-कांग्रेस आने पर फिर चलेगी पर्ची और खर्ची

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन के लिए सुंदरपुर आउटर बाइपास से सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि भाजयुमो जिला अध्यक्ष नवीन ढुल के नेतृत्व में भाग लेने के लिए बसों व निजी वाहनों से रवाना किया गया। सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस में नेता मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं, आने वाला समय भाजपा का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आते ही फिर से पर्ची और खर्ची का मामला शुरू होगा। इस मौके पर आशा शर्मा, सुरेश किराड़, ऊषा शर्मा, सतीश चौधरी, हरिओम भाली, इंद्रमोहन, विकास श्योराण, विवेक बबलू, वीरेंद्र राठी, अमित कलानौर, जिला सचिव योगेश राठी, अमन नागर, अनुज कौशिक, भूपेंद्र खत्री, मुकेश पाराशर, सचिन पांचाल, दिनेश नेहरा, सिकंदर नरवाल, जय ढुआ आदि मौजूद रहे।

# खुशखबरीः रेल यात्रियों को महम और हांसी के लिए जींद से मिलेगी सीधी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रेलवे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेल यात्रियों को महम और हांसी के लिए जींद से सीधी ट्रेन मिलेगी। इसके लिए रेलवे ने जींद वाया पानीपत से रोहतक जाने वाली ट्रेन का विस्तार किया है। यह ट्रेन अब महम होकर हांसी जाएगी। जिससे यात्री कम किराए में महम या हांसी का सफर कर सकेंगे। ट्रेन के समय की बात करें तो जींद से सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर पानीपत जाने वाली ट्रेन चलेगी वहीं जींद-पानीपत-रोहतक जाने वाली गाड़ी रोहतक से हांसी के लिए सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर हांसी के लिए चलेगी। इससे पहले महम और हांसी के लिए कोई ट्रेन की सुविधा नहीं थी। जींद से सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर चलने वाली ट्रेन 6 बजकर 30 मिनट पर पानीपत पहुंच जाती है। इसके बाद यह ट्रेन गोहाना होते हुए 9 बजकर 6 मिनट पर रोहतक पहुंच जाती है।

#### सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर होगी रोहतक से रवाना

पैसेंजर ट्रेन सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर रोहतक से रवाना होगी। यह ट्रेन रोहतक के बाद डोभ, भाली स्टेशन से नौ बजकर 55 मिनट पर चलेगी। इसके बाद मोखरा मदीना से 10 बजकर 9 मिनट पर चलेगी। फिर यह ट्रेन 10 बजकर 27 मिनट पर महम पहुंचेगी और यह ट्रेन एक मिनट रुकने के बाद महम से चलेगी। उसके बाद 10 बजकर 38 मिनट पर मुंढाल कलां, 10 बजकर 54 मिनट पर गढ़ी और 11 बजकर 20 मिनट पर हांसी पहुंचेगी। इसके बाद 12 बजे हांसी से रोहतक के लिए रवाना होगी। 12 बजकर 15 मिनट पर गढ़ी से रवाना होकर 12 बजकर 31 मुंढाल कलां पहुंचेगी। इसके बाद 12 बजकर 41 मिनट पर महम से शुरू होकर 1 बजे मोखरा मदीना और 1 बजकर 14 मिनट पर डोभ, भाली से चलकर 1 बजकर 40 मिनट पर रोहतक पहुंच जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20




# रंश किआ में न्यू सोनेट दी वाइल्ड, रिबोर्न लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रतिष्ठित संस्थान रंश किआ में सोनेट के नए अवतार को रंश किआ के सीएमडी राजिंदर बंसल और उनकी पत्नी सरोज बंसल, डायरेक्टर ने लांच किया। नई गाड़ी का नाम न्यू सोनेट, दी वाइल्ड, रिबोर्न है। सोनेट के इस नए अवतार में बहुत ही यूनीक फीचर्स दिए गए हैं।

नई सोनेट पेट्रोल और डीजल दोनों वेरिएंट में है। नई सोनेट में ग्राहक की सेफ्टी का खास ध्यान रखा गया है, इसमें नई एडवांस लेवल- 2, 17 सेफ्टी फीचर्स के साथ दिया गया है। सेफ्टी के लिहाज से इस गाड़ी में शुरुआती मॉडल से ही 6 एयर बैग्स आते हैं। यह गाड़ी आठ लेटेस्ट कलर्स के साथ उपलब्ध है। नई सोनेट में गाड़ी में पैनारोमिक डिस्प्ले दी गई है। गाड़ी के अंदर 360 डिग्री कैमरे के साथ-साथ 16 इंच के नए डिजाइनर एलॉय व्हील्स दिए गए हैं जो कि इस सेगमेंट की किसी भी गाड़ी में नहीं आते। इस गाड़ी का ग्राउंड क्लीरेंस 205 है, जोकि इस सेगमेंट में सबसे ज्यादा है। इस गाड़ी का फ्रंट और बैक लुक लुभावन है। इस मौके पर रंश किआ के डायरेक्टर रोहित बंसल, डायरेक्टर प्रीति बंसल, जीएम सेल्स देवेंद्र राव, मुकेश खत्री, संजय शर्मा, मनोज मालिक, स्टेट बैंक से नरेश मनचंदा, आदेश सक्सेना व समस्त रंश किआ स्टाफ और शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## महर्षि दयानंद विवि में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

# छात्र लक्ष्य प्राप्ति तक रुकें नहींः बिप्लब




**पुष्पांजलि अर्पित कीः** पूर्व मुख्य अतिथि बिप्लब कुमार देब, विशिष्ट अतिथि सांसद डा. अरविंद शर्मा, कुलपति प्रो. प्रो. राजबीर सिंह तथा अन्य आमंत्रित अतिथियों, विवि अधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि बिप्लब कुमार देब, डॉ. अरविन्द शर्मा, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विवि अधिकारियों के साथ विवेकानंद पुस्तकालय की विजिट की। स्वामी विवेकानंद के जीवन तथा कार्यों संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिप्लब कुमार देब ने किया। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों की सराहना की। विवेकानंद पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय युवा महोत्सव संबोधन की लाइव स्ट्रिमिंग भी की कई, जिसको उपस्थित जन ने देखा-सुना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत के महान राष्ट्रभक्त -विभूति स्वामी विवेकानंद के संदेश- उठो, जागो, तब तक न रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो को बुलंद करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस तथा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई।

इस रैली को त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा संप्रति राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस अवसर पर साथ रहे। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस, यूनिवर्सिटी आउटरीच, एनसीसी कैडेट्स तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने इस युवा दिवस तथा विकसित भारत रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वामी विवेकानंद की प्रेरणादायी सूक्तियों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को परिलक्षित करती पट्टिकाओं को लेकर इन विद्यार्थियों ने विवि परिसर में मार्च किया। मुख्य अतिथि बिप्लब कुमार देब ने स्वामी विवेकानंद का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का लोहा पूरा विश्व मानता है।